भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा प्रयागराज हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन के विकास कार्य का निरीक्षण

नई दिल्ली, 7 दिसंबर, 2024 : माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री किजरापु राममोहन नायडू ने आज प्रयागराज हवाई अड्डे का दौरा कर नए टर्मिनल भवन के चालू निर्माण कार्यों की समीक्षा की। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री वी. वुआलनम, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार, भाविप्रा के सदस्य (योजना) श्री अनिल कुमार गुप्ता और साइट पर मौजूद अभियंताओं की टीम के साथ मिलकर पूरी परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया।

परियोजना टीम ने समीक्षा दल को बताया कि निर्माण कार्य के दो चरण पूर्ण हो चुके हैं और तीसरे चरण का विकास कार्य प्रगति पर है।

माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने समीक्षा के दौरान शेष सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि महाकुंभ के लिए हवाई अड्डा जनवरी 2025 तक तैयार हो सके। उन्होंने टीम को यह भी निर्देश दिया कि नए टर्मिनल भवन को नियत समयावधि में पूर्ण करने के लिए राज्य प्राधिकरणों और डीजीसीए, बीसीएएस सहित सभी नियामक निकायों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाए ।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए महाप्रबंधक (नि.सं.) से कृपया संपर्क करें: 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 23/2024-2025